विवरणिका

सत्र 2021-22



नैक द्वारा मूल्याँकित

दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय

अनूपशहर (बुलन्दशहर) उ०प्र० फोन : 05734-275450

(सम्बद्ध चौ० चरण सिंह विश्व विद्यालय, मेरठ)

Web Site : www.dpbspgcollege.in E-mail : mails_principaldpbs@rediffmail.com



श्रद्धेय स्व० श्री दुर्गा प्रसाद जी

श्रद्धेय स्व० श्री बलजीत सिंह जी

'सा विद्या या विमुक्तये'

शुक्लां ब्रह्मविचार सार परमामाद्यां जगद्व्यापिनीं,
वीणापुस्तक धारिणीमभयदां जाड्यान्धकारापहाम्।
हस्ते स्फटिकमालिकां च दधतीं पद्मासने संस्थितां,
वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं बुद्धिप्रदां शारदाम्।

विषयानुक्रमणिका

☸ प्रबन्ध समिति	2
☸ संक्षिप्त परिचय	3–4
☸ शिक्षक एवं शिक्षणेतर मण्डल	5–10
☸ अन्य विभागीय प्रभारी	10
☸ महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम	11
☸ समितियाँ एवं शिक्षणेतर गतिविधियाँ	11–16
☸ छात्रावास एवं नियम	16–17
☸ पुस्तकालय के नियम	17
☸ शिष्टाचार सम्बन्धी नियम	18
☸ प्रवेश सम्बन्धी नियम, प्रक्रिया, अमान्य बोर्ड/ वि.वि. के नाम एवं अवैधता	19–31
☸ छात्र सहायता, ध्यान देने योग्य एवं परिचय पत्र	31–32
☸ विषय एवं उनके कोड	33–34
☸ फाउंडेशन कोर्स	35
☸ क्वालिफाइंग कोर्स	36
☸ शुल्क तालिकायें	37–39

महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्यगण

1. श्री अजय गर्ग : अध्यक्ष
2. डॉ० सुधीर कुमार : उपाध्यक्ष
3. डॉ० के०पी० सिंह : सचिव
4. श्री गिरीश चन्द्रा : संयुक्त सचिव
5. श्री के०पी० सिंह : कोषाध्यक्ष
6. श्री सुनील गुप्ता : आंतरिक लेखा परीक्षक
7. श्री एस०पी०एस० तौमर : सदस्य
8. कमाण्डर एस०जे० सिंह : सदस्य
9. कु० मनिका गौड : सदस्य
10. डॉ० यू०के० झा (प्राचार्य) : पदेन सदस्य
11. श्री यजवेन्द्र कुमार (शिक्षक प्रतिनिधि) : सदस्य
12. श्री लक्ष्मण सिंह (गैर शिक्षक प्रतिनिधि) : सदस्य

दुर्गाप्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर

जनपद - बुलन्दशहर (उ0प्र0) 203390

Website : www.dpbspgcollege.in E-mail : mails_principaldpbs@rediffmail.com

संक्षिप्त-परिचय

गंगा के रम्य तट पर स्थित एवं छोटी काशी के नाम से विख्यात प्राचीन नगर अनूपशहर में दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है। इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 1965 में "**ऐंग्लोवैदिक एजूकेशनल एसोसियेसन**" द्वारा की गयी थी। गत 56 वर्षों में महाविद्यालय ने पाठ्यक्रम विस्तार एवं संरचनात्मक विकास दोनों ही दृष्टियों से तीव्र गति से विकास किया है।

प्रारंभ में महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर केवल विज्ञान संकाय के विषयों की पढ़ाई होती थी, लेकिन सन् 1984 के बाद से अब तक कई नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ किये गये हैं, जो कि वर्तमान युग की चुनौतियों के अनुरूप विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं। वर्तमान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है:-

क्र०सं०	पाठ्यक्रम का नाम	स्तर	प्रारंभ होने का वर्ष	अवधि (वर्ष)	वित्त पोषित/स्व-वित्त पोषित
1.	बी0एस-सी0	स्नातक	1965	3	वित्त पोषित
2.	बी0ए0	स्नातक	1984	3	वित्त पोषित
3.	एम0ए0 (संस्कृत)	स्नातकोत्तर	1992	2	वित्त पोषित
4.	एम0एस-सी0 (भौतिकी)	स्नातकोत्तर	1992	2	वित्त पोषित
5.	एम0एस-सी0 (रसायन)	स्नातकोत्तर	2001	2	स्व-वित्त पोषित
6.	बी0सी0ए0	स्नातक	2001	3	स्व-वित्त पोषित
7.	बी0एड0	स्नातक	2002	2	स्व-वित्त पोषित
8.	बी0कॉम0	स्नातक	2005	3	स्व-वित्त पोषित

उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त सत्र 2003 से रसायन विभाग में एक शोध केन्द्र स्थापित है, जहाँ कुछ शोधार्थी पी-एच0डी0 की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं तथा कुछ अन्य पंजीकृत हैं। भौतिकी विभाग में वर्ष 2011 में शोध केन्द्र की स्थापना की गई।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सभी प्रकार की संरचनात्मक सुविधायें उपलब्ध हैं। पर्याप्त संख्या में कक्ष आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालायें, पुस्तकालय, वाचनालय, सभी प्रकार के खेल-कूद की सुविधायें, छात्रावास की सुविधा, कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा, शीतल पेयजल की सुविधा, एन0सी0सी0 तथा एन0एस0एस0 प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा इत्यादि सभी सुविधायें उपलब्ध हैं। इनके अतिरिक्त महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों इत्यादि का भी आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु एक 'व्यवसाय परामर्श इकाई' भी कार्यरत है जिसके माध्यम से विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी दी जाती है। विद्यार्थियों की साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने हेतु महाविद्यालय द्वारा एक वार्षिक पत्रिका **''ऋतम्भरा''** का प्रकाशन भी किया जाता है। इस प्रकार यह महाविद्यालय एक स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास करने का पूर्ण अवसर प्रदान करता है।

महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0जी0सी0) तथा उ0 प्र0 शासन से समय-समय पर सहायता अनुदान प्राप्त होता रहा है, लेकिन गत तीन दशक में इसने जिस द्रुत गति से विकास किया है उसका मुख्य श्रेय परम आदरणीय श्री जय प्रकाश जी गौड़, अध्यक्ष, ऐंग्लो-वैदिक शिक्षा समिति तथा मैनेजिंग ट्रस्टी जय प्रकाश सेवा संस्थान को जाता है। महाविद्यालय के वर्तमान परिसर में अधिकांश निर्माण कार्य जय प्रकाश सेवा संस्थान द्वारा कराया गया है।

अविकसित क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद महाविद्यालय का परीक्षाफल हमेशा उत्तम रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से लगातार विश्वविद्यालय की योग्यता सूची में उच्च स्थान प्राप्त करते रहे हैं। उत्तम परीक्षा परिणाम महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों की योग्यता, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता का द्योतक है। अधिकांश प्राध्यापक पी-एच0डी0 की उच्चतम उपाधि से विभूषित हैं। महाविद्यालय का अनुशासन उच्च कोटि का है जो कि इसकी प्रशासनिक सुयोग्यता को प्रदर्शित करता है।

सत्र 2012-13 में महाविद्यालय का **''राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद''** (NAAC) द्वारा मूल्यांकन किया गया तथा महाविद्यालय को (CGPA 2.71) के साथ ग्रेड 'B' प्राप्त हुआ है।

महाविद्यालय प्रबंधतंत्र निरंतर इस बात के लिए प्रयत्नशील है कि यह महाविद्यालय शैक्षिक उत्कृष्टता के शिखर पर विराजमान हो।

शिक्षक-मण्डल

डॉ० उमेश कुमार झा — कार्यवाहक प्राचार्य
एम0ए0, पी-एच0डी0

भौतिक विज्ञान विभाग (स्नातकोत्तर)

1. **श्री यजवेन्द्र कुमार** — सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
   एम0एस-सी0, नेट, एम0टेक0
2. **रिक्त** — ट्यूटर
3. **रिक्त** — ट्यूटर
4. **रिक्त** — ट्यूटर
5. **रिक्त** — ट्यूटर

रसायन विज्ञान विभाग (स्नातकोत्तर)

1. **डॉ० (श्रीमती) चन्द्रावती** — एसो0 प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
   एम0एस-सी0, एम0फिल0, पी-एच0डी0
2. **डॉ० घनेन्द्र कुमार बंसल** — सहायक प्रोफेसर
   एम0एस-सी0, पी-एच0डी0
3. **डॉ० जागृति सिंह** — सहायक प्रोफेसर
   एम0एस-सी0, पी-एच0डी0
4. **रिक्त** — ट्यूटर
5. **रिक्त** — ट्यूटर

गणित विभाग

1. **डॉ० ऋषि कुमार अग्रवाल** — **एसो० प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष**
   एम0एस-सी0, एम0फिल0, पी-एच0डी0
2. **रिक्त** — ट्यूटर

सांख्यिकी विभाग

1. **डॉ० प्रदीप कुमार त्यागी** — एसो0 प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
   एम0एस-सी0, एम0फिल0, पी-एच0डी0
2. **रिक्त** — ट्यूटर

संस्कृत विभाग (स्नातकोत्तर)

1. **श्री लक्ष्मण सिंह** — **सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष**
2. रिक्त — ट्यूटर
3. रिक्त — ट्यूटर

अर्थशास्त्र विभाग

1. **रिक्त** — ट्यूटर

समाजशास्त्र विभाग

1. रिक्त — ट्यूटर

राजनीतिशास्त्र विभाग

1. **डॉ० उमेश कुमार झा** — एसो0 प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
   एम0ए0, पी-एच0डी0

हिन्दी विभाग

1. **रिक्त** — **ट्यूटर**
2. **रिक्त** — **ट्यूटर**

अंग्रेजी विभाग

1. **रिक्त** — **ट्यूटर**
2. **रिक्त** — **ट्यूटर**

शारीरिक-शिक्षा एवं खेल विभाग

1. **डॉ० सीमान्त कुमार दुबे** — एसो0 प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
   एम0पी0एड0, नेट, डी0एस0सी0 (एन0आई0एस0), पी-एच0डी0

बी०सी०ए० विभाग

1. **श्री पंकज गुप्ता** — सहा0 प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
   एम0सी0ए0
2. **श्री मयंक शर्मा** — सहा0 प्रोफेसर
   बी0टेक0, एम0सी0ए0
3. **श्री सचिन अग्रवाल** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0सी0ए0
4. **श्री सत्य प्रकाश गौतम** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0सी0ए0

वाणिज्य विभाग

1. **डॉ० भुवनेश कुमार** — सहा0 प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
   एम0कॉम0, पी–एच0डी0
2. **डॉ० तरूण कुमार** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0कॉम0, पी–एच0डी0
3. **डॉ० राजीव गोयल** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0कॉम0, पी–एच0डी0
4. **डॉ० विशाल शर्मा** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0कॉम0, एम0 फिल0, पी–एच0डी0
5. **रिक्त** — ट्यूटर

शिक्षा विभाग

1. **डॉ० कृष्ण चन्द गौड़** — सहा0 प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
   एम0ए0, एम0एड0, पी–एच0डी0
2. **डॉ० (श्रीमती) सुनीता गौड़** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0ए0 (हिन्दी, संस्कृत), एम0एड0, पी–एच0डी0
3. **डॉ० (श्रीमती) सुधा उपाध्याय** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0ए0 (इतिहास), एम0एड0, पी0 जी0 डी0ई0एस0, पी–एच0डी0
4. **डॉ० वीरेन्द्र कुमार** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0ए0 (शिक्षाशास्त्र), एम0कॉम0, पी–एच0डी0(शिक्षा शास्त्र एवं वाणिज्य)
5. **डॉ० शैलेन्द्र कुमार सिंह** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0एस–सी0 (वनस्पति विज्ञान), एम0एड0, एम0 फिल0, पी–एच0डी0, नेट
6. **श्री देवस्वरूप गौतम** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0ए0 (अंग्रेजी), एम0एड0, नेट
7. **श्री गुरूदत्त शर्मा** — सहा0 प्रोफेसर
   एम0एस–सी0 (गणित), एम0एड0, नेट
8. रिक्त — –

शिक्षणेतर मण्डल वित्त पोषित

रिक्त	:	प्रवक्ता – लाइब्रेरी
श्री सुनील कुमार गर्ग	:	कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–II
श्री अनिल कुमार अग्रवाल	:	कनिष्ठ सहायक
श्री के0 के0 श्रीवास्तव	:	पुस्तकालय सहायक
श्री लक्ष्मण सिंह	:	कनिष्ठ सहायक
श्री पंकज शर्मा	:	प्रयोगशाला सहायक (भौतिकी विभाग)
श्री सुनील कुमार	:	प्रयोगशाला सहायक (रसायन–शास्त्र विभाग)
श्री नारायण देव मिश्रा	:	दफ्तरी
श्री डम्बर सिंह	:	अर्दली (प्राचार्य)
श्री गजेन्द्र सिंह	:	प्रयोगशाला गैसमैन (रसायन–शास्त्र विभाग)
श्री कपूर चन्द्र	:	चौकीदार
श्रीमती पार्वती उर्फ पूजा रानी	:	पुस्तकालय परिचारिका
श्री सुनील कुमार निर्मल	:	प्रयोगशाला परिचर (भौतिकी विभाग)
श्री महेश चन्द	:	सेवक
श्री अमरनाथ राय	:	प्रयोगशाला परिचर (रसायन–शास्त्र विभाग)
श्री विजयपाल सिंह	:	माली
श्री राम अवतार	:	प्रयोगशाला परिचर (सांख्यिकी विभाग)
श्री चन्द्रपाल सिंह	:	अंशकालिक कम्प्यूटर ऑपरेटर
रिक्त	:	सफाईकार

शिक्षणेतर-मण्डल (स्व-वित्त पोषित)

श्री सुरेश रावत	:	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
श्री दीपक कुमार शर्मा	:	लेखाकार
श्री आशीष कुमार	:	लिपिक
श्री जितेन्द्र कुमार	:	लिपिक
श्री पारस कुमार	:	प्रयोगशाला सहायक (बी0सी0ए0)
श्री प्रमोद कुमार	:	सुपरवाइजर
श्री योगेश कुमार	:	दैनिक भोगी सेवक (दफ्तरी)
श्री राम बाबू	:	दैनिक भोगी सेवक (ड्राईवर)
श्री नेत्रपाल सिंह	:	दैनिक भोगी सेवक
श्री सुबोध कुमार	:	दैनिक भोगी सेवक
श्री जितेन्द्र कुमार	:	दैनिक भोगी सेवक (इलेक्ट्रीशियन)
श्री त्रिलोक चन्द्र गर्ग	:	दैनिक भोगी सेवक
श्री नितिन	:	दैनिक भोगी सेवक (रसायन विभाग)
श्री विजय कुमार	:	दैनिक भोगी सेवक (सफाईकार)
श्री विक्रम	:	दैनिक भोगी सेवक (सफाईकार)
श्री राजीव	:	दैनिक भोगी सेवक (सफाईकार)
श्री राजू	:	दैनिक भोगी सेवक (सफाईकार)

अन्य विभागीय प्रभारी

1.	व्यवसाय परामर्श इकाई एवं जन सूचना	: श्री लक्ष्मण सिंह
2.	गृह परीक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र	: डॉ0 ऋषि कुमार अग्रवाल
3.	महिला संरक्षण समिति	: डॉ0 (श्रीमती) चन्द्रावती
4.	नोडल अधिकारी, दशमोत्तर छात्रवृति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति	
	(1) अनुदानित	: डॉ0 (श्रीमती) चन्द्रावती
	(2) स्व-वित्त पोषित	: श्री सत्यप्रकाश गौतम
5.	राष्ट्रीय कैडेट कोर (N.C.C.)	: श्री यजवेन्द्र कुमार
6.	राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)	: डॉ0 सीमान्त दुबे

महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम

अनुदानित –

*M.Sc.	:	भौतिक विज्ञान (इलैक्ट्रॉनिक्स)
*M.A.	:	संस्कृत (काव्य)
B.Sc.	:	गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, साँख्यिकी एवं अर्थशास्त्र
संयोग	:	**गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान** **गणित, भौतिकी, सांख्यिकी** **गणित, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी**
B.A.	:	हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं शारीरिक-शिक्षा
संयोग	:	**कोई तीन विषय चुने जा सकते हैं, परन्तु तीन भाषा एक साथ नहीं चुनी जा सकतीं।**

नोट : शारीरिक शिक्षा विषय को विश्वविद्यालय द्वारा मुख्य विषय के रूप में मान्यता दी गयी है।

स्व-वित्त पोषित –

*M.Sc.	:	रसायन विज्ञान (कार्बनिक एवं अकार्बनिक)
*B.C.A.	:	अनिवार्य विषय
B.Ed.	:	अनिवार्य विषय
B.Com.	:	अनिवार्य विषय

उपरोक्त सभी कोर्सों के परीक्षा प्रश्नपत्र कोड तालिका में अंकित हैं। बी0ए0/बी0एस-सी0/बी0कॉम0 के पाठ्यक्रम में अनिवार्य क्वालीफाइंग एवं बुनियादी पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्र कोड भी तालिका में दिये गये हैं।

*एम0ए0(संस्कृत), एम0एस0-सी0(भौतिकी एवं रसायन विज्ञान) तथा बी0सी0ए0 सेमेस्टर प्रणाली के अतर्गत संचालित हैं।

समितियाँ एवं शिक्षणेतर गतिविधियाँ

महाविद्यालय में शिक्षणेतर विभिन्न कार्यक्रमों के सुसंचालनार्थ प्राचार्य की अध्यक्षता में विभिन्न समितियाँ वर्ष पर्यन्त निरन्तर सक्रिय रहती हैं।

प्राचार्य परिषद

इस परिषद का गठन प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के हित में लिये जाने वाले किसी भी निर्णय पर विचार विमर्श करने तथा विभिन्न विभागों के कार्यों में समन्वय स्थापित करने हेतु किया गया है।

इसके सदस्यगण निम्नलिखित हैं -

1. डॉ0 यू0 के0 झा (प्राचार्य)
2. डॉ0 पी0 के0 त्यागी
3. डॉ0 ऋषिकुमार अग्रवाल
4. डॉ0 श्रीमति चन्द्रावती
5. श्री यजनेन्द्र कुमार
6. डॉ0 सीमान्त कुमार दुबे
7. श्री लक्ष्मण सिंह
8. श्री पंकज गुप्ता
9. डॉ0 के0 सी0 गौड़
10. डॉ0 भुवनेश कुमार

अनुशासन समिति

छात्र/छात्राओं में आत्म संयम, अनुशासन और शिष्टाचार की भावना का विकास महाविद्यालय में गठित अनुशासन समिति के तत्वावधान में किया जाता है। मुख्यानुशासक व अन्य अनुशासक सामूहिक रूप से इस दायित्व का निर्वाह करते हैं। अनुशासन समिति को महाविद्यालय में अनुशासन भंग करने के दोषी विद्यार्थियों को दण्डित करने का पूर्ण अधिकार है।

इस समिति में निम्न सदस्य हैं -

1. डॉ0 प्रदीप कुमार त्यागी (मुख्यानुशासक)
2. डॉ0 ऋषि कुमार अग्रवाल
3. डॉ0 (श्रीमती) चन्द्रावती
4. डॉ0 सीमान्त दुबे
5. श्री लक्ष्मण सिंह
6. डॉ0 विशाल शर्मा
7. श्री के0 के0 श्रीवास्तव

नोट: चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए अनुशासन समिति के सदस्य की संस्तुति आवश्यक है एवं प्रार्थना पत्र देने के तीन दिन बाद चरित्र प्रमाण-पत्र/टी0सी0 निर्गत किया जायेगा।

छात्र-कल्याण समिति

समिति द्वारा विद्यार्थियों के हित में अनेक कल्याणकारी कार्य सम्पादित किये जाते हैं। निर्धन विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियों का वितरण इत्यादि कार्य समिति के माध्यम से संचालित किये जाते हैं। समय-समय पर समिति द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा विद्यार्थियों के हित में अन्य कल्याणकारी कार्यों का भी संपादन किया जाता है। समिति के सदस्यगण निम्नलिखित हैं-

1. डॉ0 प्रदीप कुमार त्यागी (प्रभारी)
2. डॉ0 (श्रीमती) चन्द्रावती
3. श्री लक्ष्मण सिंह
4. डॉ0 के0सी0 गौड़
5. श्री सत्यप्रकाश गौतम

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) एवं नैक समिति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन समिति के दिशानिर्देशों के अनुरूप महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में इस प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है। इसका मुख्य कार्य संस्था से सम्बन्धित सभी आवश्यक दस्तावेजों तथा रिकार्डो का रख-रखाव करना तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र एवं मानदंडों के अनुरूप सभी शिक्षकों का शैक्षिक निष्पादन संकेतांक (Academic Performance Indicator) तैयार कराना है। यह प्रकोष्ठ राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन समिति के दिशानिर्देशों के अनुरूप विद्यार्थियों से 'फीडबैक' भी प्राप्त करती है।

इस प्रकोष्ठ के सदस्यगण निम्नवत है:-

1. डॉ. ऋषि कुमार अग्रवाल (समन्वयक)
2. डॉ0 (श्रीमती) चन्द्रावती
3. श्री यजवेन्द्र कुमार
4. डॉ0 सीमान्त दुबे
5. श्री पंकज गुप्ता
6. डा0 भुवनेश कुमार
7. डॉ0 शैलेन्द्र कुमार सिंह
8. श्री श्याम बिहारी श्रीवास्तव(सामाजिक कार्यकर्ता)
9. डॉ. आलोक गोविल(सामाजिक कार्यकर्ता)
10. श्री सुनील कुमार गर्ग

एंटी रैगिंग समिति

रैगिंग एक ऐसा अभिशाप है जिससे शैक्षिक वातावरण प्रदूषित होता है तथा नवआगंतुक विद्यार्थियों के लिये मुसीबते खड़ी होती हैं। महाविद्यालय स्तर पर ऐसी किसी भी स्थिति को रोकने के लिये इस समिति का गठन किया गया है, जिसके सदस्यगण निम्नलिखित हैं-

1. श्री यजवेन्द्र कुमार (प्रभारी)
2. डॉ0 (श्रीमती) सुधा उपाध्याय
3. डॉ0 वीरेन्द्र कुमार
4. डॉ0 तरूण बाबू
5. श्री राजीव गोयल

शिकायत-निवारण प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा या कठिनाइयाँ होती हैं तो वे इसका निवारण इस प्रकोष्ठ के माध्यम से कर सकते हैं। प्रकोष्ठ के सदस्यगण निम्नलिखित हैं-

1. श्री यजवेन्द्र कुमार (प्रभारी)
2. श्री पंकज गुप्ता
3. डॉ0 (श्रीमती) सुनीता गौड़
4. श्री भुवनेश कुमार
5. श्री सुनील कुमार गर्ग

चिकित्सा समिति

इस विद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा सहायता की भी व्यवस्था है। यदि किसी विद्यार्थी को अचानक इसकी आवश्यकता पड़ती है तो उसे यह सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इस हेतु महाविद्यालय नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टर आलोक अग्रवाल की नियमित रूप से सप्ताह में दो बार सेवायें प्राप्त करता है तथा विद्यार्थी निःशुल्क इस सुविधा का लगातार लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस समिति के सदस्यगण निम्नलिखित हैं-

1. डॉ0 (श्रीमती) चन्द्रवती (प्रभारी)
2. डॉ0 ऋषि कुमार अग्रवाल
3. डॉ0 घनेन्द्र बंसल
4. डॉ0 (श्रीमती) जागृति सिंह
5. श्री देवस्वरूप गौतम

क्रीड़ा समिति

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास रहता है, इस सर्वमान्य नियम के अनुसार महाविद्यालय में विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के लिए बिलियर्ड्स, क्रिकेट, हॉकी, बैडमिंटन, टेबिल-टेनिस, बास्केट-बॉल, जिम्नेजियम, वेट लिफ्टिंग एवं स्पोर्ट्स सम्बन्धी सम्पूर्ण गतिविधियों का संचालन क्रीड़ा समिति के माध्यम से किया जाता है। यह समिति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर खेल सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इस समिति के सदस्यगण निम्नलिखित हैं-

1. डॉ0 सीमान्त दुबे (प्रभारी)
2. डॉ0 पी0 के0 त्यागी
3. डॉ0 (श्रीमती) चन्द्रावती
4. श्री मयंक शर्मा
5. श्री गुरूदत्त शर्मा
6. डॉ. विशाल शर्मा

सांस्कृतिक-कार्यक्रम समिति

विद्यार्थियों में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतिभा का विकास करने के लिए यह समिति कार्यरत है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय-समय पर समिति विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इस समिति में निम्न सदस्य हैं -

1. डॉ0 (श्रीमती) चन्द्रावती (प्रभारी)
2. डॉ0 (श्रीमती) सुनीना गौड़
3. डॉ0 (श्रीमती) सुधा उपाध्याय
4. श्री लक्ष्मण सिंह
5. डॉ0 (श्रीमती) जागृति सिंह
6. श्री गुरूदत्त शर्मा

महाविद्यालय प्रकाशन समिति (विवरणिका, वार्षिक-पत्रिका इत्यादि)

विद्यार्थियों में रचनात्मक प्रतिभा हेतु वार्षिक-पत्रिका **'ऋतम्भरा'** का प्रकाशन किया जाता है। महाविद्यालय की प्रगति तथा विभिन्न क्रियाकलापों का लेखा-जोखा भी पत्रिका के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। विवरणिका एवं वार्षिक-पत्रिका समिति के सदस्यगण निम्नलिखित हैं-

1. डॉ0 श्रीमती चन्द्रावती (प्रभारी)
2. डॉ0 सीमान्त कुमार दुबे
3. श्री लक्ष्मण सिंह
4. डॉ0 भुवनेश कुमार
5. डॉ0 शैलेन्द्र कुमार सिंह

पुस्तकालय समिति

महाविद्यालय में स्थित पुस्तकालय विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। ज्ञान के इस विशाल स्रोत पर पुस्तकालय समिति पूर्णतया नियंत्रण रखती है। फलस्वरूप इस पुस्तकालय में पाठ्य पुस्तकें, उच्च कोटि के ग्रन्थ, रचनाएँ तथा अनेक पत्र-पत्रिकायें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय समिति के सदस्यगण निम्नलिखित हैं-

1. डॉ0 ऋषि कुमार अग्रवाल (प्रभारी)
2. श्री यजवेन्द्र कुमार
3. श्री लक्षमण सिंह
4. श्री के. के. श्रीवास्तव

भवन निर्माण समिति

1. डॉ0 ऋषि कुमार अग्रवाल (प्रभारी)
2. डॉ0 पी0 के0 त्यागी
3. डॉ0 सीमान्त दुबे
4. श्री सुनील कुमार गर्ग

सूचना एवं प्रौद्योगिकी समिति (I.T. Committee)

यह समिति मानव विकास संसाधन मन्त्रालय (केन्द्र सरकार), राज्य सरकार, उच्च शिक्षा निदेशालय एवं विश्व विद्यालय इत्यादि के साथ ऑनलाइन सूचनाओं के आदान-प्रदान का कार्य करती है।

1. डॉ0 ऋषि कुमार अग्रवाल (प्रभारी)
2. श्री सचिन अग्रवाल
3. श्री सुनील कुमार गर्ग
4. श्री दीपक कुमार शर्मा

व्यवसाय परामर्श इकाई

यह इकाई विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक विकल्पों के सम्बन्ध में मार्गदर्शन करने के लिए गठित की गयी है। इकाई द्वारा प्रमुख समाचार पत्रों तथा रोजगार समाचार में प्रकाशित विभिन्न रिक्तियों की सूचना, आगामी परीक्षाओं से सम्बन्धित सभी प्रकार की वांछित सूचनायें तथा आवश्यक सन्दर्भ ग्रन्थों, पत्र-पत्रिकाओं इत्यादि से सम्बन्धित सूचनायें उपलब्ध करायी जाती हैं।

राष्ट्रीय-कैडेट कोर

एन0सी0सी0 के माध्यम से विद्यार्थियों को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ समाज-सेवा द्वारा राष्ट्र-निर्माण के लिए प्रेरित किया जाता है। इसमें भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय में प्रवेश पाने के उपरान्त एन0सी0सी0 अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। ज्ञातव्य है कि प्रदेश तथा केन्द्रीय स्तर पर विभिन्न सरकारी सेवाओं में एन0सी0सी0 प्रशिक्षण प्राप्त प्रत्याशियों को कुछ विशेष वरीयता प्रदान की जाती है।

राष्ट्रीय सेवा योजना

यह कार्यक्रम महाविद्यालय में वर्ष 1977 से प्रारम्भ है तथा वर्तमान में इस योजना की एक इकाई कार्यरत है। जो छात्र/छात्राएँ इस योजना में भाग लेना चाहते हैं, उनका एक वर्ष में 120 घण्टे कार्य करना तथा सात दिवसीय एक विशेष शिविर में उपस्थित रहना अनिवार्य है। इसके अन्तर्गत सामाजिक सेवा से सम्बन्धित कार्यों को प्रमुखता दी जाती है, ताकि छात्र/छात्राओं में इस गुण का विशेष विकास हो सके और स्वयं को समाज में विशिष्ट नागरिक के रूप में स्थापित कर सकें। यह भी ज्ञातव्य है कि एन0एस0एस0 करने वाले छात्रों को विभिन्न सेवाओं एवं बी0एड0 प्रवेश परीक्षा में वरीयता दी जाती है।

यदि कोई छात्र एन0एस0एस0 के अतिरिक्त एन0सी0सी0 में भी भाग लेना चाहता है तो वह ले सकता है, लेकिन उसका दोनों योजनाओं के सभी नियमों का पूर्ण रूप से पालन करना अनिवार्य होगा।

पुस्तकालय के नियम

1. प्रत्येक विद्यार्थी को पुस्तकालय का लाभ उठाने के लिए इसकी सदस्यता लेनी होगी।
2. प्रत्येक विद्यार्थी को रीडर्स टिकिट दिये जायेंगे, जिसके लिए एक छाया चित्र, फीस की प्रथम रसीद व परिचय-पत्र लाना अनिवार्य होगा।
3. पत्र-पत्रिकाओं का उपयोग केवल पुस्तकालय भवन तक ही सीमित है।
4. रीडर्स टिकिट खो जाने पर यदि कोई अन्य विद्यार्थी उस पर पुस्तकालय से पुस्तक निर्गत करा लेता है तो उस पुस्तक का मूल्य टिकिट धारक को ही देना होगा तथा पुनः रीडर्स टिकिट नहीं बनाया जायेगा।
5. पुस्तकालय की पुस्तक खो जाने पर विद्यार्थी को पुस्तक का दुगुना मूल्य जमा कराना होगा।
6. पुस्तकालय में पुस्तकों को परीक्षा से पूर्व जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

शिष्टाचार सम्बन्धी नियम

1. कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत प्रत्येक विद्यार्थी को मास्क लगाकर आना अनिवार्य है। अन्यथा परिसर में प्रवेश वर्जित रहेगा।
2. परिसर के अन्दर सोशल डिस्टेन्सिंग के नियमों का अनुपालन अनिवार्य है।
3. प्रत्येक विद्यार्थी का निर्धारित गणवेश (यूनिफॉर्म) में महाविद्यालय आना अनिवार्य है, जोकि निम्नप्रकार है–

(अ) **छात्रों के लिए -**

ग्रीष्मकाल : सादा (प्लेन) सफेद शर्ट एवं स्टील ग्रे पैन्ट।

शीतकाल : सफेद शर्ट, स्टील ग्रे पैन्ट एवं काले रंग का स्वेटर/जर्सी/कोट ।

(ब) **छात्राओं के लिये -**

ग्रीष्मकाल : हल्के बादामी रंग का कुर्ता, सफेद सलवार एवं सफेद चुन्नी।

शीतकाल : हल्के बादामी रंग का कुर्ता, सफेद सलवार, सफेद चुन्नी एवं काले रंग का कार्डिगन।

4. कोई भी विद्यार्थी रैगिंग जैसी किसी भी गतिविधि में लिप्त नहीं होगा। माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार ऐसे विद्यार्थीयों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कारवाई की जा सकती है। प्रवेश के समय 10 रूपये के स्टॉप पेपर पर प्रत्येक विद्यार्थी को इस आशय का एक शपथ पत्र भरना होगा जिसका प्रारूप विवरणिका के साथ संलग्न है।
5. महाविद्यालय में साफ–स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। अतएव महाविद्यालय प्रांगण में पान, पानमसाला खाना एवं धूम्रपान निषिद्ध है।
6. कक्षाओं के द्वार पर अथवा गैलरी में छात्र/छात्रायें तेज स्वर में वार्तालाप न करें।
7. पूर्व अनुमति लिए बिना छात्र/छात्रायें कार्यालय कक्ष में न जायें।
8. महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शालीनतापूर्ण वार्तालाप एवं व्यवहार सर्वथा अपेक्षित है।
9. महाविद्यालय की सम्पत्ति का सदुपयोग, रख–रखाव एवं सुरक्षा का भार विद्यार्थियों पर भी है। यदि कोई विद्यार्थी अथवा बाहरी व्यक्ति इसे हानि पहुँचाता है तो एक प्रबुद्ध विद्यार्थी के नाते ऐसे तत्वों की सूचना तुरन्त अधिकारियों को दें।
10. शिष्टाचार के अन्य सामान्य नियमों का पालन सर्वथा अपेक्षित है।
11. शिष्टाचार सम्बन्धी नियमों की अवहेलना करने पर विद्यार्थी को महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।
12. महाविद्यालय परिसर में मोबाइल लाना एवं उसपर बात करना वर्जित है। **विशेषकर परीक्षा के दौरान यदि कोई विद्यार्थी मोबाइल या अन्य कोई इलेक्ट्रॅनिक डिवाइस लाता है तो यह नकल सामग्री मानी जायेगी।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुक्रम में प्रवेश–सम्बन्धी दिशा निर्देश

National Education Policy-2020 : Guidelines for Admission

उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की अनुशंसा के अनुरूप तैयार न्यूनतम समान पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2021–22 से लागू किये जाने के संबंध में उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–1065/सत्तर–3–2021–16(26)/2011 दिनांक 20 अप्रैल एवं पत्र संख्या 1567/सत्तर–3–2021(26)/2011 टी0सी0 लखनऊ दिनांक 13 जुलाई 2021 अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के दिनांक 25.06.2021 को जारी परिपत्र तथा इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी अन्य शासकीय निर्देशों के आधार पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के माननीय कुलपति जी द्वारा गठित टास्क फोर्स समिति द्वारा शैक्षिक सत्र 2021–22 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश–सम्बन्धी तथा अन्य सम्बन्धित विषयगत बिन्दुओं के सन्दर्भ में प्रथम/मानक दिशा–निर्देश (गाइडलाइन) प्रस्तावित किये जा रहे हैं। सामयिक आवश्यकता तथा शासकीय निर्देशों के अनुसार भविष्य में इस गाइडलाइन का संशोधित प्रारूप भी जारी किया जा सकता है अथवा किसी मामले में अलग से अधिसूचना जारी की जा सकती है।

1. पाठ्यक्रम/कार्यक्रम लागू करने की समय–सारिणी :

– यह व्यवस्था तीन विषय वाले बी0ए0, बी0एस0सी0 एवं बी0कॉम0 पर सत्र 2021–22 में प्रवेशित छात्रों पर लागू होगी। अन्य सभी पाठ्यक्रम में शासन के निर्देशों के आने पर सत्र 2022–23 से लागू होगी।

2. प्रवेश की व्यवस्था :

– सत्र 2021–22 में विद्यार्थी को स्नातक में प्रवेश के समय सर्वप्रथम विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में एक संकाय (कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि) का चुनाव करना होगा। विज्ञान संकाय का चयन करने पर अभ्यर्थी को पुनः पूर्व निर्देशित अर्हतानुसार अपने वर्ग

(**Bio Maths / Stats etc.**) का चुनाव करना होगा जिसका आवंटन मेरिट सम्बन्धित महाविद्यालय में उपलब्ध सीट संख्या एवं संसाधनों पर निर्भर होगा। यह संकाय विद्यार्थी का अपना संकाय (**Own Faculty**) कहलायेगा, जिसमें वह तीन वर्ष (प्रथम से छठे सेमेस्टर) तक अध्ययन कर सकेगा।

– पूर्व व्यवस्था की तरह विद्यार्थी को कुल तीन मुख्य विषयों का अध्ययन करना होगा, जिनमें से दो मुख्य विषय उसके चुने हुए संकाय के होंगे तथा तीसरा मुख्य विषय वह अपने संकाय अथवा दूसरे संकाय से ले सकता है जिसका आवंटन मेरिट, सम्बन्धित महाविद्यालय में उपलब्ध सीट संख्या एवं संसाधनों पर निर्भर होगा। इस व्यवस्था के लिए संकायों का निर्धारण शासनादेश जून 15, 2021 (**http://uphed gov.in/Counicl/GOneeti.aspx**) के अनुसार होगा।

– विद्यार्थी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में उपलब्ध सीटों / शिक्षकों / संस्थानों / नियमों के आलोक में द्वितीय / तृतीय वर्ष में मुख्य विषय बदल सकता है अथवा उनके क्रम में परिवर्तन कर सकता है।

– छात्र को विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों में विषयों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार विषय परिवर्तन की सुविधा होगी, परन्तु वह एक वर्ष के बाद ही विषय परिवर्तित कर सकता है एक सेमेस्टर के बाद नहीं।

– तीन मुख्य विषयों के अतिरिक्त विद्यार्थी को एक गौण (माइनर इलैक्टिव) पेपर का अध्ययन करना होगा। इस पेपर का चुनाव भी वह अपने संकाय अथवा दूसरे संकाय से कर सकता है। इसके लिए उसे किसी पूर्व पात्रता (**pre-requisite**) की आवश्यकता नहीं होगी। स्नातक के विद्यार्थी को प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में मात्र दो गौण प्रश्नपत्रों (माइनर इलैक्टिव पेपर) का अध्ययन करना होगा।

– बहुविषकता (**Multidisciplinarity**) सुनिश्चित करेन के लिए स्नातक स्तर पर माइनर इलैक्टिव पेपर सभी छात्रों को किसी भी चौथे विषय (उसके द्वारा लिये गये तीन मुख्य विषयों के अतिरिक्त) से लेना होगा।

– तीसरे मुख्य (मेजर) विषय तथा गौण चयनित पेपर (माइनर इलैक्टिव पेपर) का चयन छात्र को इस प्रकार करना होगा कि इनमें से कोई एक अनिवार्यतः अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य

संकाय (Other Faculty) से हो।

— कोई विद्यार्थी एक माइनर इलैक्टिव पेपर स्नातक प्रथम वर्ष के प्रथम अथवा द्वितीय सेमेस्टर में से तथा दूसरा माइनर इलैक्टिव पेपर द्वितीय वर्ष के तृतीय अथवा चतुर्थ सेमेस्टर में ले सकता है। अर्थात् विद्यार्थी अपनी सुविधा से सम अथवा विषय सेमेस्अर में उपलबध माइनर इलेक्टिव पेपर का चुनाव कर सकता है।

— विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध सीटों के आधार पर माइनर इलेक्टिव पेपर आवंटित किया जायेगा।

— प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम दो वर्षों (चार सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में 3 क्रेडिट (3 x 4 = 12) क्रेडिट के कुल चार पाठ्यक्रम) का एक रोजगारपरक/कौशल विकास पाठ्यक्रम (Vocational Skill Development Courses) पूर्ण करना होगा।

— स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को तीन वर्षों (छः सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में एक सह–पाठ्यक्रम (Co-curricular) करना अनिवार्य होगा।

— इन सभी सह–पाठ्यक्रमों को 40 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यार्थी को उत्तीर्ण करना होगा। विद्यार्थी की ग्रेड शीट पर इनके प्राप्तांकों पर आधारित ग्रेड तो अंकित होंगे परन्तु उन्हें सी.जी.पी. ए. (C.G.P.A) की गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। इन पेपर्स की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा Multiple Choice Questions पर आधारित होगी।

3. **कक्षाओं हेतु समय–सारिणी :**

— सभी महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान प्रवेश प्रारम्भ होने से पूर्व अपनी समय–सारिणी (Time Table) तैयार कर लें। सिजसे छात्र प्रवेश के समय अन्य संकाय के उन विषयों का चुनाव कर सकें जिनकी कक्षायें अलग समय पर संचालित होती हैं तथा उनकी कक्षाओं के समय में ओवरलैपिंग न हो।

— सभी शिक्षण संस्थान समय सारिणी (Time Table) ऐसे तैयार करें कि छात्रों को अन्य संकाय के विषयों को चुनने के अधिकतम विकल्प उलब्ध हों।

— तीसरे मुख्य विषय तथा चयनित गौण पेपर (Minor Elective Paper) की कक्षाओं के लिए एक ही वादन (Period) समय–सारिणी में निर्धारित किया जाये जिसे कि सभी विद्यार्थी

सुविधापूर्वक अपने–अपने चयनित विषयों का अध्ययन कर सकें।

– इसी प्रकार इन विषयों की परीक्षाओं तथा आन्तरिक मूल्यांकन के लिए एक ही तिथि निर्धारित की जाये।

4. किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश, निकास एवं पुनः प्रवेश की प्रक्रिया :

– विद्यार्थी को एक वर्ष (दो सेमेस्टर) पूर्ण करने पर सर्टिफिकेट के साथ निकास तथा दो वर्ष (चार सेमेस्टर) पूर्ण करने पर डिप्लोमा के साथ निकास की सुविधा उपलब्ध होगी। विद्यार्थी को निर्गत सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा पर उसके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त रोजगार–परक (Vocational) प्रशिक्षण–पाठ्यक्रम का स्पष्ट उल्लेख किया जायेगा।

– विद्यार्थी को तीन वर्ष (छः सेमेस्टर) पूर्ण करने पर ही डिग्री प्राप्त होगी।

– विद्यार्थी निकास के बाद अगले स्तर पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमानुसार पुनः प्रवेश ले सकेगा।

5. क्रेडिट एवं क्रेडिट निर्धारण :

– सैद्धांतिक (Theory) के एक क्रेडिट के पेपर में एक घंटा प्रति सप्ताह का शिक्षण कार्य होगा, अर्थात् एक सेमेस्टर के 15 सप्ताह में 13–15 घंटे का शिक्षण कराना होगा।

– प्रैक्टिकल/इंटर्नशिप/फील्ड वर्क आदि के एक क्रेडिट के पेपर में दो घंटे/प्रति सप्ताह का शिक्षण कार्य होगा, अर्थात एक सेमेस्टर के 15 सप्ताह में 26–30 घंटे का प्रैक्टिकल/इंटर्नशिप/फील्ड वर्क आदि कराना होगा।

– शिक्षक के कार्यभार की गणना में थ्योरी के एक घंटे का कार्यभार प्रैक्टिकल/इंटर्नशिप/फील्ड वर्क आदि के दो घंटे के कार्यभार के बराबर होगा।

– विद्यार्थी न्यूनतम 46 क्रेडिट अर्जित करने पर एक वर्षीय सर्टिफिकेट, न्यूनतम 92 क्रेडिट अर्जित करने पर दो वर्षीय डिप्लोमा तथा न्यूनतम 132 क्रेडिट अर्जित करने पर तीन वर्षीय स्नातक डिग्री ले सकता है। इससे आगे विद्यार्थी न्यूनतम 184 क्रेडिट अर्जित करने पर चार वर्षीय स्नातक (शोध रहित) डिग्री, न्यूनतम 232 क्रेडिट अर्जित करने पर स्नातकोत्तर डिग्री तथा न्यूनतम 248 अर्जित करने पर पी.जी.डी.आर. ले सकता है।

– एक बार क्रेडिट का उपयोग करने के पश्चात विद्यार्थी उनके क्रेडिट का उपयोग नहीं

कर सकेगा। उदाहरण के लिए यदि कोई छात्र एक वर्ष के बाद 46 क्रेडिट का प्रयोग कर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेता है, तो उसके क्रेडिट उपभोग कर लिए माने जायेंगे अर्थात उसके ये क्रेडिट डिप्लोमा अथवा डिग्री के लिए उपयोग नहीं किये जा सकेंगे। यदि वह कुछ वर्षों बाद डिप्लोमा लेना चाहता है तो वह या तो अपना मूल सर्टिफिकेट विश्वविद्यालय में जमा (**Surrender**) कर 46 क्रेडिट खाते में रि–क्रेडिट, करेगा अथवा नये 46 क्रेडिट पुनः जमा करेगा, जिसके आधार पर वह द्वितीय वर्ष (वास्तविक तृतीय वर्ष) में 92 (**46+46**) क्रेडिट अर्जित कर डिप्लोमा ले सकता है। इसी तरह की व्यवस्था आगामी वर्षों के लिए भी होगी। यदि विद्यार्थी लगातार अध्ययन करता है तथा सर्टिफिकेट / डिप्लोमा नहीं लेता है तो वह 132 क्रेडिट के आधार पर डिग्री ले सकता है।

– यदि कोई योग्य छात्र (**Fast Learner**) कम समय में डिग्री के लिए आवश्यक क्रेडिट प्राप्त कर लेगा तो न्यूनतम क्रेडिट प्राप्त करने पर उसे अन्तराल की सुविधा होगी, परन्तु डिग्री तीन वर्ष बाद ही मिलेगी। अन्तराल के दौरान या विषय परिवर्तन की स्थिति में वह किसी भी कार्य को करने के लिए स्वतंत्र होगा।

– द्वितीय वर्ष में संकाय अथवा विषय परिवर्तन की स्थिति में अर्जित क्रेडिट सर्टिफिकेट की श्रेणी में आयेंगे न कि डिप्लोमा की, क्योंकि डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए उसे उसी विषय के आवश्यक क्रेडिट प्राप्त करने होंगे।

– तीन वर्षों में विद्यार्थी संकाय में न्यूनतम 60 प्रतिशत क्रेडिट प्राप्त करेगा उसी संकाय में उसे डिग्री दी जायेगी और विश्वविद्यालय में नियमानुसार स्नातकोत्तर में प्रवेश की सुविधा होगी।

– यदि विद्यार्थी तीन वर्ष में किसी एक संकाय में तीन मुख्य विषयों के कुल क्रेडिट का न्यूनतम 60 प्रतिशत, यथा–112 का 60 अर्थात 67 क्रेडिट प्राप्त नहीं कर पाता है तो उसे वैचलर ऑफ लिवरल एजुकेशन (**B.L.E.**) की डिग्री दी जायेगी तथा वह उन विषयों में स्नातकोत्तर कर सकेगा जिनमें स्नातक स्तर पर किसी विषय की पूर्व प्रात्रता (**Pe-Requested**) की आवश्यकता नहीं होगी। सामान्यतः इस श्रेणी में कला संकाय के ऐसे विषय आयेंगे जिनमें प्रयोगात्मक कार्य अनिवार्य नहीं है।

– यदि कोई योग्य छात्र सर्टिफिकेट / डिप्लोमा लेकर अपने क्रेडिट पुनः जमा (**Recorded**) कर लेता है और वह आगामी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है तो वह रि–क्रेडिट किए गए क्रेडिट

का उपभोग कर पुनः सर्टिफिकेट/डिप्लोमा प्राप्त कर सकेगा।

6. **उपस्थिति व क्रेडिट निर्धारण :**

– क्रेडिट वेलिडेशन के लिए परीक्षा देना आवश्यक होगा। परीक्षा के बिना क्रेडिट अपूर्ण होंगे।

– परीक्षा देने के लिए वह नियमानुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

– छात्र कक्षा में उपस्थिति के आधार पर परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करता है, परन्तु किसी कारण से परीक्षा नहीं दे पाता तो, वह आगामी समय में अर्हित परीक्षा दे सकता है, उसे पुनः कक्षाओं में उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी।

7. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के सन्दर्भ में विद्यार्थी को प्राप्त होने वाली अन्य सुविधायें :**

– विद्यार्थी यू0जी0सी0/भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पोर्टल/संस्थानों से 20 प्रतिशत तक क्रेडिट ऑनलाइन कोर्स/पेपर के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। विश्वविद्यालयीन व्यवस्था की दृष्टिगत ऑनलाइन पेपर चयनित करने की यह सुविधा माइनर/इलेक्टिव पेपर के लिए छूट पर ही लागू होगी। यू0जी0सी0 के नियमों के अनुसार ऑनलाइन कोर्स के क्रेडिट सभी विश्वविद्यालयों/विश्वविद्यालय परिसर को जोड़ने होंगे।

– विद्यार्थी की आवश्यकता के अनुसार निकट के अन्य शिक्षण संस्थान से किसी विशेष विषय के अध्ययन की सुविधा विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य की जा सकती है। इस सुविधा का लाभ विद्यार्थियों को प्रदान करने के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय पारम्परिक रूप से अनुबन्ध हस्ताक्षरित करते हुए उसकी एक प्रति सूचनार्थ विश्वविद्यालय को भेजेंगे।

8. **परीक्षा व्यवस्था :**

– सभी विषयों के प्रश्नपत्र 100 अंकों के होंगे, जिनको क्रेडिट एवं फार्मूला के अनुसार परसेन्टाइल एवं ग्रेड में सॉफ्टवेयर द्वारा परिवर्तित कर दिया जायेगा।

– सभी विषयों की परीक्षा 100 में से 25 अंकों के लिए सतत आन्तरिक मूल्यांकन एवं 75 अंकों के लिए बाहय मूल्यांकन के लिए आधार पर ही सम्पन्न की जायेगी।

– 25 अंकों के आन्तरिक मूल्यांकन पाठ्यक्रमों में वर्णित व्यवस्था के अनुसार होगा।

URGA PRASAD BALJEET SINGH (P.G.) COLLEGE



– असाइनमेंट तथा क्लास टैस्ट की उत्तर पुस्तिकाओं को महाविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के कम से कम दो माह आगे तक सुरक्षित रखा जायेगा।

– सभी विषयों की लिखित परीक्षा होगी एवं अनिवार्य को–करीकुलर विषय की परीक्षा बहुविकल्पीय आधार पर होगी।

9. उपरोक्त शासनादेश के निर्देशानुक्रम में उक्त संरचना मूल और अनुप्रयुक्त विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान, मानविकी विज्ञान, वाणिज्य, भारतीय एवं विदेशी भाषायें तथा कृषि संकायों पर लागू होगी। तत्क्रम में निम्न बिन्दुओं पर भी प्रमुखता से ध्यान अपेक्षित है :–

– स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के लिए 46 संचित क्रेडिट के सापेक्ष तीन प्रमुख विषय, एक माइनर इलेक्टिव पेपर, दो सह पाठ्यक्रम एवं दो व्यवसायिक पाठ्यक्रम होंगे, जिसे उत्तीर्ण करने पर Certificate in Faculty प्रदान किया जायेगा।

– द्वितीय वर्ष 92 क्रेडिट संचय के सापेक्ष द्वितीय वर्ष में 3 प्रमुख विषय, एक माइनर इलेक्टिव पेपर, दो सह–पाठ्यक्रम तथा दो व्यवसायिक पाठ्यक्रम होंगे, जिसे उत्तीर्ण करने पर Diploma in Faculty प्रदान किया जायेगा।

– तृतीय वर्ष तक 132 संचित क्रेडिट के सापेक्ष इस वर्ष में दो प्रमुख विषय, दो सह पाठ्यक्रम तथा दो माइनर रिसर्च प्रोजेक्टर होंगे, जिसे उत्तीर्ण करने पर Bachelor in Faculty की उपाधि प्रदान की जायेगी।

– प्रवेश निकास एवं पुनः प्रवेश व्यवस्था के सम्बन्ध में गाइडलाइन विश्वविद्यालय द्वारा ही जारी की जायेगी, महाविद्यालय अपने स्तर से इस सम्बन्ध में निर्णय नहीं लेंगे।

– स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम दो वर्षों में कौशल–विकास से सम्बन्धित पाठ्यक्रम का अध्ययन अनिवार्य होगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के साथ एम. ओ.यू. हस्ताक्षर किया गया है, जिसके आलोक में विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालयों को समन्वय स्थापित करना होगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय द्वारा समयानुसार जारी किये जायेंगे।

10. अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रम (Co-Curricular) :

स्नातक स्तर पर अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रमों (Co-Curricular) के अध्ययन–अध्यापन का क्रम सेमेस्टर के अनुसार निम्नवत होगा –

- प्रथम सेमेस्टर : खाद्य, पोषण एवं स्वच्छता (Food, Nutrition and Hygene)
- द्वितीय सेमेस्टर : प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (First Aid and Health)
- तृतीय सेमेस्टर : मानव मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन (Human Values and Environmental Studies)
- चतुर्थ सेमेस्टर : शारीरिक विज्ञान एवं योग (Physical Educational and Yoga)
- पंचम सेमेस्टर : विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस (Analytic Ability and Digital Awereness)
- षष्ठ सेमेस्टर : संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास (Communication Skill and Personality Development)
- स्नातक स्तर के अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रमों (Co-curricular) के अध्ययन–अध्यापन के लिए शैक्षिक संसाधनों की व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा की जायेगी।

प्रवेश सम्बन्धी नियम

1. महाविद्यालय में प्रवेश और शिक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया का पालन विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार किया जायेगा।

(क) प्रथमतः महाविद्यालय द्वारा किये गये सभी प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा स्क्रूटनी के बाद सत्यापित किये जाने तक अस्थायी रहेंगे।

(ख) प्रवेश, प्रवेश परीक्षा अथवा अर्हता परीक्षा में कुल प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर तथा अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर किये जायेंगे। लिंग, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर नहीं। प्रवेशार्थ मान्य कुल स्थानों में से 21 प्रतिशत, 2 प्रतिशत और 27 प्रतिशत स्थान महाविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित होंगे। शारीरिक रूप से 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग, दृष्टि विहीन/कम दृष्टि (एक प्रतिशत)/श्रवण ह्रास/पालन निशकत्ता (एक प्रतिशत), अंग भंग (1 प्रतिशत) हेतु (कुल 3 प्रतिशत) स्वतन्त्रता सेनानियों के आश्रित 2 प्रतिशत और पूर्व सेना कर्मियों या उनके आश्रितों को 1 प्रतिशत स्थानों पर सम्बन्धित श्रेणियों में आरक्षण उचित प्रमाण पत्र के आधार पर प्रदान किया जायेगा। स्वतन्त्रता सेनानियों के आश्रित और पूर्व सेना कर्मियों या उनके आश्रित अभ्यार्थियों को क्रमशः 3 प्रतिशत, 2 प्रतिशत और 1 प्रतिशत स्थानों पर सम्बन्धित श्रेणियों में आरक्षण प्रदान किया जायेगा। यदि अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी प्रवेश के लिये उपलब्ध नहीं है तो उनके स्थान पर अनुसूचित जाति के अर्ह अभ्यर्थी को प्रवेश दिया जायेगा। प्रत्येक श्रेणी में 20% स्थान महिलाओं को आरक्षित होगा।

आरक्षित स्थान, अर्ह अभ्यार्थियों के उपलब्ध न होने के कारण रिक्त रह जाने पर, प्रवेश के लिए निर्धारित अन्तिम तिथि के 15 दिन बाद सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों से भरे जा सकते हैं।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को छोड़कर सामान्य वर्ग के अन्तर्गत अल्प आय वर्ग के अभ्यर्थियो के लिए प्रवेश में 10 प्रतिशत कोटा निर्धारित करने के लिए कुल उपलब्ध सीटों के 50 प्रतिशत सीटो पर 10 प्रतिशत सीट की वृद्धि की जायेगी।

उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थी को, जिसने प्रवेश हेतु आवश्यक योग्यता परीक्षा उत्तर प्रदेश के बाहर से उत्तीर्ण की है, किन्तु उत्तर प्रदेश के निवासी के रूप में

प्रवेश का इच्छुक है, सक्षम अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश का मूल निवास प्रमाण-पत्र एवं आरक्षण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, अन्यथा वह अन्य प्रदेश की श्रेणी में माना जायेगा।

(ग) अन्य प्रदेश के अभ्यर्थियों के प्रवेश अधिकतम 10 प्रतिशत तक की सीमा तक होंगे, प्रतिबन्ध यह होगा कि अर्हता परीक्षा में उनकी योग्यता उत्तर प्रदेश के सामान्य श्रेणी अभ्यर्थियों से कम न हो। कोई अभ्यर्थी जो कि दूसरे राज्य का निवासी है, उत्तर प्रदेश के किसी महाविद्यालय/संस्थान से अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने पर भी दूसरे राज्य की श्रेणी में ही रखा जायेगा।

(घ) (1) किसी भी सरकारी कर्मचारी और दूसरे सार्वजनिक सेवा वाले कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री का प्रवेश उनके माता-पिता का स्थानान्तरण सम्बन्धित महाविद्यालय में स्थान होने पर कुलपति या उनके द्वारा मनोनीत अधिकारी की पूर्व अनुमति से स्वीकार्य होगा। ऐसे स्थानान्तरण केवल प्रवेश की अन्तिम तिथि से एक माह के अन्तर्गत अथवा विलम्बतम 31 अक्टूबर तक ही स्वीकार्य होंगे। 31 अक्टूबर (वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत) के बाद किसी भी स्थिति में स्थानान्तरण स्वीकार्य नहीं होंगे। सेमेस्टर सिस्टम में स्थानान्तरण सेमेस्टर में ही अनुमन्य किया जा सकेगा लेकिन प्रत्येक वर्ष की 31 अगस्त के बाद (सेमेस्टर सिस्टम में) कोई भी स्थानान्तरण नहीं किया जायेगा। परीक्षाफल फार्म भरने के बाद स्थानान्तरण स्वीकार नहीं होगा। किसी भी स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया 30 दिन में समाप्त करनी होगी।

(2) इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में स्थानान्तरण हेतु पूर्व महाविद्यालयों के प्राचार्यों के अनापत्ति पर द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ष में सीट उपलब्ध होने पर दूसरे (जिस महाविद्यालय में स्थानान्तरण चाहता है) महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा विवेकानुसार प्रवेश स्थानान्तरण स्वीकृत किया जा सकेगा। यह सुविधा एक ही शहर के मध्य स्थित महाविद्यालयों के छात्रों को अनुमन्य नहीं होगी।

(3) किसी भी दशा में छात्र का प्रथम वर्ष में स्थानान्तरण, प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

(4) अन्य विश्वविद्यालय के छात्रों को इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय में स्थानान्तरण प्रवेश हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य से अनापत्ति लेकर महाविद्यालय के सम्बन्धित समस्त विषयों की आख्या सहित विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराकर विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(5) स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों का स्थानान्तरण महाविद्यालयों/पाठ्यक्रमों में नहीं किया जायेगा। व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में स्थानान्तरण, प्रवेश विश्वविद्यालय की पूर्व अनुमति पर ही अनुमन्य होगा।

(ड़) स्नातक कक्षाओं में प्रवेश, बिना प्रवेश परीक्षा के प्रवेश की स्थिति में, कुल सीटों की अधिकतम 30 प्रतिशत तक सीटें उन विद्यार्थियों के द्वारा भरी जा सकती हैं, जिन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा यू0पी0 बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड या विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की हो। (जैसे-सी0बी0एस0ई0, आई0सी0एस0ई0 आदि) किन्तु उनके योग्यता प्राप्तांक उ0प्र0 बोर्ड के सामान्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों से कम नहीं होने चाहिये।

(च) प्रवेश वरीयता सूची तैयार करने हेतु स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु अर्ह परीक्षा में दो वर्ष के अन्तराल से ज्यादा अन्तराल पर (प्रयोगात्मक विषयों को छोड़ कर) प्रवेश अनुमान्य नही होगा। अन्तराल के वर्षों में कुल प्राप्तांकों से 2 प्रतिशत प्रतिवर्ष कटौती की जायेगी। यह नियम केवल प्रथम वर्ष के प्रवेश पर ही लागू होगा।

(छ) वे विद्यार्थी प्रथम वर्ष के उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश के अधिकारी नहीं होंगे, जिन्होंने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा, मान्यता प्राप्त समकक्ष बोर्ड या विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण नहीं की होगी।

(ज) वे विद्यार्थी प्रथम वर्ष स्नातकोत्तर परीक्षा के लिए योग्य/पात्र नहीं होंगे, जिन्होंने 10+2+3 पद्यति (पैटर्न) के अन्तर्गत स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की होगी। उनकी हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट तथा स्नातक परीक्षाएं मान्यता प्राप्त समकक्ष बोर्ड तथा विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होनी चाहिए।

2. महाविद्यालय प्रवेश करते समय एक सेक्शन में स्नातक स्तर पर सामान्यत: 60 अभ्यर्थियों के प्रवेश करेगा। माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम में निर्गत शासनादेश के आलोक में महाविद्यालय के प्राचार्यों को न तो निर्धारित संख्या से अधिक और न ही निर्धारित तिथि के उपरान्त प्रवेश करने का अधिकार होगा और यदि ऐसा करते हैं तो उनके विरूद्ध शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुरूप कार्यवाही की जा सकती है।

   परिनियमावली में कुलपति जी को प्राप्त अधिकार के अन्तर्गत सीटों पर प्रवेश हेतु कुलपति से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा। निर्धारित सीमा से अधिक प्रवेश शासनादेशों के अन्तर्गत कार्यवाही से आच्छादित रहेंगे तथा इसके लिए प्राचार्य ही उत्तरदायी होंगे।

3. यदि कोई विद्यार्थी दूसरी स्नातकोत्तर डिग्री के लिये प्रवेश लेना चाहता है तो उसे प्रवेश तभी मिलेगा, जब उसने उस विषय का अध्ययन स्नातक स्तर पर भी किया हो एवं ऐसे विषय में

व्यक्तिगत परीक्षा देने का प्रावधान न हो।

4. किसी भी विद्यार्थी को प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम वाले स्नातकोत्तर विषय में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी, यदि उसने वह विषय स्नातक स्तर पर नहीं लिया है चाहे अभ्यर्थी ने उस विषय से प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

5. अभ्यर्थी, जिसकी उपस्थिति शैक्षिक सत्र के प्रत्येक पाठ्यक्रम में पूरी हो किन्तु यदि वह परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाता है या अनुत्तीर्ण हो जाता है तो विश्वविद्यालय परीक्षा हेतु उसे संस्थागत विद्यार्थी के तौर पर पुनः प्रवेश नहीं दिया जायेगा। उसे वह परीक्षा एक पूर्व-विद्यार्थी के रूप में ही उत्तीर्ण करनी होगी। विद्यार्थी जिसने विश्वविद्यालय परीक्षा का फार्म नहीं भरा होगा, उसे पूर्व विद्यार्थी के रूप में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

6. विद्यार्थी की वरीयता सूची को आंकने के लिये प्रवेश के समय निम्नलिखित भारांक दिये जायेंगे-

(अ) 4 प्रतिशत अधिभार उन विद्यार्थियों के लिए, जिन्होंने राष्ट्रीय/प्रदेशीय/अन्तर्विश्वविद्यालय स्तर पर खेलों में भाग लिया हो।

(ब) 4 प्रतिशत अधिभार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के (स्नातक/परास्नातक) छात्रों के लिये।

(स) 3 प्रतिशत अधिभार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय/सम्बद्ध कॉलेजों के शिक्षकों/कर्मचारियों के (पुत्र/पुत्री/पत्नी/पति) के लिये।

(द) (1) 3 प्रतिशत अधिभार उन विद्यार्थियों के लिये जिन्होंने NCC का "C" या "G-II" सर्टीफिकेट प्राप्त किया हो।

अथवा

(2) 2 प्रतिशत अधिभार उन विद्यार्थियों के लिये जिन्होंने NCC का "B" या "G-I" सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो।

अथवा

(3) 3 प्रतिशत अधिभार उन अभ्यर्थियों के लिये, जिन्होंने एन0एस0एस0 के अन्तर्गत 240 घण्टों की सेवा की हो तथा 10-10 दिनों के 2 कैम्पों में भाग लिया हो अथवा 2 प्रतिशत अधिभार उनके लिये जिन्होंने 240 घण्टों की सेवा तथा 10 दिनों का एक कैम्प किया हो अथवा 1 प्रतिशत अधिभार उनके लिये जिन्होंने 240 घण्टों की सेवा की हो या 120 घण्टों की सेवा तथा ऐसा 1 कैम्प किया हो।

(य) स्काउटिंग में तथा रेंजर/रोवर गतिविधि में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों हेतु अधिभार निम्न प्रकार होगा

–

(i) 1 प्रतिशत अधिभार-द्वितीय सोपान/ध्रुवपद परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।

अथवा

(ii) 2 प्रतिशत अधिभार-तृतीय सोपान/गुरूपद/प्रवीण परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।

अथवा

(iii) 3 प्रतिशत अधिभार-राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने/निपुण परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।

अथवा

(iv) 4 प्रतिशत अधिभार-भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने पर।

(र) इण्टरमीडिएट स्तर पर एन0एस0एस0 में प्रतिभागी के स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिये 10 अंक दिये जायेंगे तथा यह अंक अर्हता परीक्षा के कुल प्राप्तांकों में जोड़ जायेंगे।

नोट-

